# सरकारी आश्वासन के बाद डॉ.किरोड़ी लाल मीणा ने धरना समाप्त किया

**जयपुर।** पेपर लीक के मामलों की सीबीआई जांच एवं सरकारी नौकरियों में राजस्थान के युवाओं को 95 आरक्षण, सीएचए, कम्प्यूटर सहायक आदि मांगों को लेकर आज 12वें दिन भी इस कड़ाके की ठंड में प्रदेश के सैकड़ों युवाओं के साथ राज्य सभा सांसद डॉक्टर किरोड़ी लाल मीना अचानक युवाओं के साथ जयपुर शहर के लिए कूच कर दिया। अचानक कूच से धरना स्थल पर तैनात पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। इस बीच किरोड़ी समर्थकों और पुलिस के बीच हल्की झड़प हुई, लेकिन मीना युवाओं के साथ टनल (सुरंग) को पार शहर में घुस गए। टनल पार करते ही पुलिस कमिशनर आनंद वास्तव ने डॉक्टर मीना को रोक लिया। यहां करीब एक घंटे तक दोनों के बीच वार्ता हुई। इसके बाद मीणा के साथ युवाओं ने शहीद स्मारक की ओर कूच कर दिया। आख़िरकार डॉक्टर मीना के साथ युवा शहीद स्मारक पहुंचे।

वार्ता पुलिस आयुक्तालय में हुई। वार्ता में सरकार की ओर से गृह राज्य मंत्री राजेन्द्र यादव और पुलिस कमिश्नर आनंद वास्तव रहे। डॉक्टर किरोड़ी के साथ ग्यारह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल रहा। इस दौरान सौहर्द्रपूर्ण माहौल में सीबीआई जाँच, पेपर लीक, सीएचए,



पुलिस आयुक्तालय में डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की मंत्री राजेन्द्र यादव और पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव के साथ वार्ता हुई।

कम्प्यूटर सहायक, पेपर लीक के आरोपियों पर ठोस कार्यवाही आदि सभी बिंदुओं पर वार्ता हुई।

इस मौक़े पर गृह राज्य मंत्री राजेन्द्र यादव ने कहा की डॉक्टर मीना द्वारा रखे सभी बिंदुओं पर मैंने पहली वार्ता में जानकारी ली। उसके बाद डीजी उमेश मिश्रा के साथ मेरी इन विंदुओं पर बातचीत की सहमति बनी कि कितना भी बड़ा आदमी क्यों ना हो अगर वो पेपर लीक में है उसे कोई नहीं बचा पाएगा। उसके बाद डीजी के द्वारा सुरेश ढाका, भूपेन्द्र पर पकड़ने की इनाम बढ़ा कर एक लाख कर दी।

यादव ने कहा कि सरकार की नीयत अच्छी है तभी कठोर क़ानून ओर अन्य कार्यवाही की है। उन्होंने कहा कि सात दिन में सभी मांगों की तथ्यात्मक रिपोर्ट डॉक्टर मीना को सौंपूँगा। इस पर मीना ने कहा कि सरकार लोककल्याण के लिए होती है। उसे सत्य व मूल्यों पर टिके रहना चाहिए। जब वह सत्य से दूर भागती है तो प्रजा में शासन के प्रति संदेह प्रकट होता है और वह शासन में रहने का

- इससे पहले 12वें दिन डॉ.मीणा ने युवाओं के साथ शहर के लिए कूच किया
- 'डीजी मिश्रा के साथ मेरी इन बिंदुओं पर सहमति बनी कि कितना भी बड़ा आदमी क्यों ना हो अगर वो पेपर लीक में है उसे कोई नहीं बचा पाएगा'

अधिकार खो देती है। विश्वास है अशोक गहलोत सरकार द्वारा आज किए गए युवाओं से समझौते के वादे से मुकरेगी नहीं, न्याय करेगी। किरोड़ी ने कहा कि गृह राज्य मंत्री राजेन्द्र यादव से सकारात्मक बातचीत के बाद और उनके द्वारा ठोस आश्वासन के बाद सात दिन में कार्यवाही का भरोसा देने के बाद आंदोलन स्थगित किया जा रहा है।

डॉक्टर किरोड़ी लाल मीना ने कहा कि प्रदेश के क़रीब पचास लाख बेरोजगार युवाओं पर हो रहे अत्याचार और उनकी जायज मांगों को लेकर 12 दिन से धरने पर बैठा हुआ था।

# थप्पड़ कांड को भूल, निर्मल बोले, 'रात गई बात गई, अरविंद मेरा भाई'

## महारानी कॉलेज में छात्रसंघ नेताओं के बीच हुई मारपीट के बाद जाट नेताओं ने दोनों में सुलह कराई

**जयपुर, (का.प्र.)।** जाट नेता विजय पूनिया के प्रयासों से राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्रसंघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी और महासचिव अरविंद जाजड़ा के बीच सुलह हो गई है और दोनों ने एक-दूसरे को गले लगा लिया। इस समझौते के बाद में अध्यक्ष निर्मल चौधरी ने कहा अरविंद ने माफी मांग ली है। ऐसे में मैंने सभी बातों को भूलकर उसे माफ कर दिया है। अरविंद ने निर्मल को अपना भाई बताकर एकजुट रहने की बात कही। महारानी कॉलेज छात्रसंघ उद्घाटन के समय अरविंद की ओर से निर्मल को थप्पड़ मारकर मंच के नीचे उतारने के बाद से दोनों में विवाद चल रहा था।

शनिवार को महाराजा जवाहर सिंह जाट हॉस्टल में समाज के लोगों ने दोनों में सुलह कराई। जाट नेताविजय पूनिया ने छात्रसंघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी और महासचिव अरविंद जाजड़ा को दोपहर 12 बजे मालवीय नगर स्थित जवाहर जाट छात्रावास में बुलाया। जहां दोनों छात्र नेताओं को साथ बैठाकर पूनिया ने समझाया। इस दौरान जाट हॉस्टल अध्यक्ष भगत सिंह लोहागढ़, पूर्व विधायक रणवीर पहलवान, वार्डन रामस्वरूप गिल के साथ समाज के कई लोग मौजूद रहे। पूनिया ने दोनों छात्र नेताओं को कहा- अभी आपका राजनीतिक जीवन शुरू होने जा रहा है। ऐसे में आपस में लड़कर समय न गंवाए। दोनों को मिलकर छात्र हितों के लिए संघर्ष करना है। काफी देर तक समझाइस के बाद निर्मल और अरविंद ने हाथ मिलाया और गले मिले। सुलह के बाद निर्मल चौधरी ने कहा कि अब उनके बीच कोई गिले-शिकवे नहीं है। पिछले दिनों उनके बीच जो भी हुआ, उसे वे भूल गए हैं। किसकी गलती थी और किसकी नहीं, हमें इस पर बात नहीं करनी। उन्होंने कहा कि रात गई, बात गई। मुझे अरविंद जाजड़ा से कोई शिकायत नहीं है। वहीं अरविंद का कहना है कि निर्मल उनका भाई है। दोनों मिलकर छात्र हितों के लिए संघर्ष करेंगे।

घटनाक्रम के अनुसार 23 जनवरी को महारानी कॉलेज छात्रसंघ कार्यालय के उद्घाटन के दौरान मंच पर केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और विधायक रामलाल शर्मा के सामने अरविंद जाजड़ा ने निर्मल चौधरी के थप्पड़ मारकर मंच से नीचे गिरा दिया था। इसके बाद दोनों छात्र गुटों बीच काफी मारपीट हुई थी। इस घटना के बाद महारानी कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉ पूराराम ने अशोक नगर थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। महारानी कॉलेज की प्रिंसिपल मुक्ता अग्रवाल की अनुमति से दर्ज कराई गई एफआईआर में बताया गया था कि कॉलेज के छात्रसंघ कार्यालय के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व अन्य विशिष्ट अतिथि मंचासीन थे और कार्यक्रम चल रहा था। भाषण के बाद केंद्रीय मंत्री शेखावत वहां से जाने वाले ही थे कि निर्मल चौधरी मंच पर आए, तो पीछे से अरविंद जाजड़ा ने निर्मल के सिर पर मारकर मंच से धक्का दिया। उसके बाद वहां काफ़ी हंगामा और दोनों के समर्थकों के बीच मारपीट हुई थी।

## सीजे मित्थल सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त



**जयपुर।** केन्द्र सरकार के विधि व न्याय विभाग ने शनिवार को एक नोटिफिकेशन जारी कर राजस्थान हाईकोर्ट के सीजे पंकज मित्थल को सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त किया है। सीजे मित्थल ने 14 अक्टूबर 2022 को राजस्थान हाईकोर्ट के सीजे पद की शपथ ली थी। राजस्थान हाईकोर्ट में सीजे मित्थल का कार्यकाल चार महीने से भी कम समय का रहा है। राजस्थान हाईकोर्ट आने से पहले सीजे मित्थल जम्मू कश्मीर के सीजे थे।

## 'हिंदी बोलने में शर्म नहीं गर्व होना चाहिए'

**जयपुर, (का.सं.)।** शहर के क्रिस्टलपॉम आईनॉक्स में चल रहे रिफ फिल्म क्लब के राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) के नौवें संस्करण के चौथे दिन फिल्म स्क्रीनिंग, ओपन फोरम, वर्कशॉप और टॉक शो जैसे सार्थक, मनोरंजक व दिलचस्प कार्यक्रम हुए। लोग भूल गए हैं, मैं अभिनेता हूं। अब सबको लगता है मैं एंकर हूं...राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के नौवें संस्करण में आईनॉक्स स्टेज पर मशहूर अभिनेता व एंकर अनूप सोनी ने अपने दशकों का अनुभव दर्शकों के साथ साझा करते हुए कहा। रिफ के चौथे दिन अनूप सोनी की हाउ टू प्रेजेंट योरसेल्फ - नौरीश योर एंकरिंग स्किल्स पर वर्कशॉप और भारतीय फिल्म उद्योग पर ओटीटी का प्रभाव पर ओपन फोरम का आयोजन हुआ। वर्कशॉप में एक्टर ने अपने अनुभवों को दर्शकों के साथ शेयर किया। इस वर्कशॉप के प्रति दर्शकों और छात्रों का उत्साह बढ़ चढ़कर देखा गया। दर्शकों में अनूप सोनी से मिलने की, उन्हें सुनने की और उनसे कुछ नया सीखने की उत्सुकता देखी गई। अनूप सोनी ने वर्कशॉप में दर्शकों और छात्रों को एंकरिंग के गुर सिखाते हुए करियर को लेकर बड़ी सीख दी। ओपन फोरम में चर्चा के दौरान अनूप सोनी ने कहा, हिंदी हमारी मातृभाषा है इसे बोलने में शर्म नहीं गर्व होना चाहिए। लेकिन कुछ लोगों की मानसिकता है अंग्रेजी खराब बोलने पर मज़ाक बनाते हैं और हिंदी खराब बोलने पर हाउ क्यूट कहते हैं। भाषा को इज्जत मिलनी चाहिए। अमांडा रेनी नॉक्स निर्देशित शॉर्ट फिल्म द इरेंड, वेब सीरीज मछली, रीजनल फिल्म एकचक्रम, शॉर्ट फिल्म स्टफड, डॉक्यूमेंट्री फिल्म केबी फ्यूचर, सृजन, डॉक्यूमेंट्री फिल्म स्क्रीमिंग बटर फ़्लाइस, फीचर फिल्म आता वेल जाली, आदिवासी जैसी बेहतरीन फिल्मों की विशेष स्क्रीनिंग हुई।

## आर.के. शर्मा ने सी. एम. डी. का कार्यभार संभाला

**जयपुर, (का.सं.)।** ऊर्जा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा 4 फरवरी को आदेश जारी कर आर.के.शर्मा को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि हेतु उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक सीएमडी के पद पर नियुक्त किया है। आदेश की अनुपालना में आर.के.शर्मा ने 4 फरवरी अपरान्ह को विद्युत भवन, जयपुर में राविउनि के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। आर.के.शर्मा नवम्बर 2020 से जनवरी 2021 तक उत्पादन निगम के निदेशक (परियोजना) के पद पर रहे तत्पश्चात जनवरी 2021 से अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक के पद का दायित्व सम्भाल रहे हैं। शर्मा को ऊर्जा एवं विद्युत उत्पादन क्षेत्र में कार्य का 39 वर्ष से अधिक अवधि का सुदीर्ध अनुभव है जिसमें से कोटा सुपर थर्मल, सूरतगढ़ सुपर थर्मल, छबड़ा सुपर थर्मल एवं कालीसिंध सुपर थर्मल आदि पॉवर प्लान्टों में 30 वर्ष से अधिक अवधि तक ऑपरेशन, मेंटीनेन्स, सी.एण्ड आई. एवं कॉमर्शियल विभागों के क्षेत्र मे कार्य करते हुए उच्च तकनीकी पदों पर सेवाएं प्रदान की हैं।

# आमेर की मांगों को बजट में शामिल करने की मांग

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने आमजन की मांग पर अपने आमेर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखा है। सतीश पूनियां ने अशोक गहलोत को पत्र लिखकर बजट वर्ष 2023-24 में आमेर विधानसभा क्षेत्र की मुख्य मांगों व प्रस्तावों को सम्मिलित किये जाने की मांग की है।

डॉ. पूनियां ने गहलोत को पत्र लिखकर आग्रह किया कि, आमेर विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत आमजन हित में निम्नलिखित कुछ प्रमुख मांगें हैं, जिनकी मांग आमेर विधानसभा क्षेत्र के निवासियों द्वारा लगातार की जाती रही है, इन्हें बजट घोषणा वर्ष 2023-24 में सम्मिलित करावें। प्रमुख मांगों में विधानसभा क्षेत्र आमेर में राजकीय महाविद्यालय/कन्या महाविद्यालय एवं बिलोंची में संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना। विधानसभा क्षेत्र आमेर में चंदवाजी में ट्रोमा हॉस्पिटल की स्थापना तथा सीकर रोड पर रामपुरा डाबड़ी के आस-पास सेटेलाइट हॉस्पिटल/ट्रोमा हॉस्पिटल की स्थापना, विधानसभा क्षेत्र आमेर में नया उपखण्ड कार्यालय तथा चंदवाजी में उपतहसील की स्थापना, पंचायत समिति जालसू अंतर्गत खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की स्थापना। जालसू में सहायक अभियंता कार्यालय, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी की स्थापना, जयपुर मेट्रो प्रोजेक्ट फेज 1-सी में बड़ी चौपड़ से ट्रान्सपोर्ट नगर तक मेट्रो चलाने का निर्णय लिया गया है, इसका विस्तार आमेर शहर (कुण्डा तिराहे) होते हुये कूकस तक किया जाये। नगर निगम जयपुर, हेरिटेज के अंतर्गत जोन कार्यालय जो पूर्व में आमेर में स्थापित था जिसे अब आमेर-हवामहल जोन में परिवर्तित किया गया है को पुनः आमेर शहर में पूर्व की भांति स्थापित किया जाये, आमेर शहर एवं आस-पास पुरा महत्व के स्थल यथा आमेर फोर्ट, सराय बावड़ी, छिल्ला बावड़ी, वनतालाब बावड़ी, पन्ना मीणा का कुण्ड, ठाठर की बावडी, सागर एवं मावठा जलाशय, छतरियां के संरक्षण एवं संवर्धन व पर्यटन की दृष्टि में विशेष कोष की स्थापना, विधानसभा क्षेत्र आमेर में बढ़ते सड़क हादसों को दृष्टिगत रखते हुये आमेर में दुर्घटना थाना की स्थापना, विधानसभा क्षेत्र आमेर की ग्रामीण की जीर्ण-शीर्ण सड़कों का पुननिर्माण/नवीनीकरण किये जाने की आवश्यकता व विधानसभा क्षेत्र आमेर के नगर निगम हेरिटेज के शहरी वार्ड 1, 2, 3, 4 के नियोजित विकास हेतु विशेष कोष का आवंटन शामिल है।

## झारखंड को हरा कर बंगाल सेमीफाइनल में

कोलकाता, 4 फरवरी। खेल के हर विभाग में मेहमान झारखंड को बौना साबित करते हुये बंगाल ने रणजी ट्राफी के पांच दिवसीय क्वार्टर फाइनल में चौथे दिन शुक्रवार को नौ विकेट से शानदार जीत अर्जित की। ईडन गार्डन मैदान पर टास हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुये झारखंड की पहली पारी में मात्र 173 रनों पर सिमट गयी। कुमार सूरज (89) ने अपने दम पर झारखंड को बचाने का भरपूर प्रयास किया मगर उनके छह बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई तक ले जाने में भी असफल रहे। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बंगाल ने अपनी पहली पारी में 328 रनो का स्कोर खड़ा कर 155 रनों की लीड हासिल कर ली। बंगाल को लीड हासिल कराने में अभिमन्यु ईश्वरन (77) और सुदीप गोस्वामी (68) का योगदान अहम रहा। बंगाल के गेंदबाजों ने दूसरी पारी में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर मेहमान टीम की दूसरी पारी भी 221 रन पर समेट दिया और जीत के लिये जरूरी रन मात्र एक विकेट खोकर हासिल कर लिये।

## मोदी पांच फरवरी को जयपुर महाखेल के प्रतिभागियों को करेंगे संबोधित

नयी दिल्ली, 4 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार (05 फरवरी) को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जयपुर महाखेल के प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। महाखेल का आयोजन जयपुर ग्रामीण से लोकसभा सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौर द्वारा 2017 से किया जा रहा है। जयपुर महाखेल में इस वर्ष विशेष तौर पर कबड्डी प्रतियोगिता पर ध्यान दिया जा रहा है। गत 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के दिन यह शुरू हुआ था। इस आयोजन में 450 से अधिक ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं और सभी आठ विधान सभा क्षेत्रों के वार्डों के 6400 से अधिक युवाओं और खिलाड़ियों की भागीदारी देखी गयी है। जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के महाखेल का आयोजन शहर के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है और उन्हें खेल को करियर में विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित भी करता है।

## मैसी 2026 विश्व कप तक खेलने पर कर रहे है विचार

ब्यूनस आयर्स, 4 फरवरी। अर्जेंटीना फुटबाल टीम के कप्तान लियोनेल मेसी ने कहा है कि वह 2026 फीफा विश्व कप में खेलने पर विचार कर रहे है लेकिन उनकी भागीदारी कई बातों पर निर्भर करेगी। इससे पहले मेसी ने कतर में 2022 विश्व कप फुटबॉल के बाद सन्यास की घोषणा की थी। कतर विश्व कप में अर्जेंटीना के विजयी अभियान ने मेसी को छठें विश्व कप में खेलने की संभावना पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया। विश्व कप में मेसी ने सात गोल किए और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। मेसी अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में टूर्नामेंट के दौरान 39 साल के हो जाएंगे। 35 वर्षीय मेसी ने अर्जेंटीना के खेल दैनिक समाचार पत्र ओले को बताया कि मुझे नहीं पता, मैंने हमेशा कहा है कि उम्र के कारण मुझे लगता है कि 2026 टिके रहना मुश्किल होगा।

# 71 रन से जीता सौराष्ट्र

## रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में पंजाब को हराया, सेमीफाइनल की चारों टीमें तय

नई दिल्ली, 4 फरवरी। सौराष्ट्र की टीम ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में पंजाब को 71 रन से हरा दिया है। चारों पारियों में अहम योगदान देने वाले पार्थ भट प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इस जीत के साथ टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है। जहां उसका सामना कर्नाटक से होगा। इनके अलावा मध्य प्रदेश और बंगाल की टीम भी सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं।

पांचवें और आखिरी दिन पंजाब को 200 रनों की जरूरत थी। लेकिन, उनके 5 ही विकेट बचे थे। सौराष्ट्र ने 128 रनों पर ही पंजाब के बाकी विकेट लिए और मैच जीत गए। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कर्नाटक से होगा।

31 जनवरी को सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम ने पहली पारी में 303 रन बनाए। बॉलर पार्थ भट ने 111 रन की नॉटआउट पारी खेली। उनके बाद स्नेल पटेल ने 70 रन बनाए। पंजाब के मयंक मारकंडे ने 4 और बलतेज सिंह ने 3 विकेट लिए।

दूसरी पारी में पंजाब ने 431 रन बनाकर 128 रन की बढ़त बना ली। दोनों ओपनर प्रभसिमरन सिंह और नमन धीर ने शतक जड़े। प्रभसिमरन ने 126 और नमन ने 131 रन बनाए। कप्तान मनदीप सिंह ने भी 91 रन बनाए। सौराष्ट्र से धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने 5 और पार्थ भट ने 3 विकेट लिए। तीसरी पारी में सौराष्ट्र ने 379 बनाए। प्रेरक मांकड़ ने 88 और पार्थ भट ने 51 रन बनाए। कप्तान अर्पित वसावड़ा और चिराग जानी ने 77-77 रन की पारियां खेलीं। पंजाब के विनय चौधरी ने 7 विकेट लिए।

252 रन के टारगेट के सामने आखिरी पारी में पंजाब 180 रन ही बना सका। मनदीप सिंह ने सबसे ज्यादा 45



और पुखराज मान ने 42 रन बनाए। कोई भी बैटर फिफ्टी नहीं जड़ सका। सौराष्ट्र से पार्थ भट ने 5, धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने 3 और युवराजसिंह डोडिया ने 2 विकेट लिए। चारों पारियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पार्थ भट प्लेयर ऑफ द मैच रहे। सौराष्ट्र के पार्थ भट प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने पहली पारी में शतक जड़ा और चौथी पारी में 5 विकेट झटके।

रणजी ट्रॉफी के इस सत्र में सेमीफाइनल की सभी 4 टीमें तय हो चुकी हैं। एक क्वार्टर फाइनल का नतीजा शनिवार को आया, वहीं 3 मैचों के नतीजे शुक्रवार को ही आ गए थे। बंगाल ने कोलकाता में झारखंड को 9 विकेट से हराया था। मध्य प्रदेश ने इंदौर में आंध्र प्रदेश पर 5 विकेट से जीत दर्ज की। वहीं, कर्नाटक ने बेंगलुरु में उत्तराखंड को पारी और 281 रनों से हराया। 8 से 12 फरवरी के बीच इंदौर में मध्य प्रदेश और बंगाल के बीच पहला सेमीफाइनल खेला जाएगा। वहीं, कर्नाटक और सौराष्ट्र के बीच दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला बेंगलुरु में होगा। फाइनल मुकाबला 16 फरवरी से खेला जाएगा।

## रोमांचक फाइनल में जीता पर्थ स्कॉर्चर्स

### ब्रिसबेन हीट को 5 विकेट से हराया, 5वीं बार बने चैम्पियन

नई दिल्ली, 4 फरवरी। पर्थ स्कॉर्चर्स ने ऑस्ट्रेलिया की टी-20 लीग बिग बैश लीग का खिताब जीत लिया है। टीम ने रोमांचक फाइनल में ब्रिसबेन हीट को 5 विकेट से हराया। टीम को आखिरी ओवर में 10 रन की जरूरत थी। पहली बॉल पर एक रन आया, दूसरी बॉल पर निक हॉबसन ने छक्का जड़ दिया और तीसरी बॉल पर चौका मारकर टीम को लगातार दूसरी बार और ओवरऑल 5वीं बार चैंपियन बना दिया। पर्थ स्कॉर्चर्स को आखिरी 18 बॉल पर 38 रनों की जरूरत थी। निक हॉबसन और कूपर कोनोली ने हीट




के बॉलर जेम्स ब्रेजली के ओवर में 2 छक्के, एक चौका और 2 रन लेकर कुल 18 रन बना दिए। 12 बॉल पर 20 रन की जरूरत थी। तब स्पेंसर जॉनसन के ओवर में दोनों खिलाड़ियों ने 10 रन जोड़ लिए। आखिरी ओवर में भी 10 ही रन चाहिए। माइकल नेसर बॉलिंग करने आए, लेकिन स्कॉर्चर्स के बैटर्स ने शुरुआती 3 बॉल पर ही टारगेट हासिल कर लिया।

पर्थ स्टेडियम में ब्रिसबेन हीट ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। उन्होंने 20 ओवर में 7 विकेट पर 175 रन बनाए। टीम के लिए जोस ब्राउन ने 25, सैम हीजलेट ने 24, नाथन मैकस्वीनी ने 41, मैक्स ब्रायंट ने 31 और सैम हेन ने 21 रन बनाए। बाकी बैटर्स 10 का आंकड़ा भी नहीं छू सके। पर्थ के लिए जेसन बेहरनडॉर्फ और मैथ्यू केली ने 2-2 विकेट लिए। 177 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पर्थ ने 8 ओवर में ही 3 विकेट गंवा दिए। इस वक्त टीम का स्कोर 54 रन ही था। टीम ने 16.5 ओवर में 137 रन पर 5 विकेट गंवा दिए। आखिरी 3 ओवर में 38 रन चाहिए थे। पर्थ के हॉबसन और कूपर ने बागडौर संभाली और 16 बॉल में 41 रन की नॉटआउट पार्टनरशिप कर टीम को जीत दिला दी। पर्थ के कप्तान एश्टन टर्नर ने सबसे ज्यादा 53 रन बनाए। उनके अलावा कूपर कोनोली ने नाबाद 25, जोस इंग्लिश ने 26, स्टीफन एस्कीनाजी ने 21, आरोन हार्डी ने 17, कैमरून बैनक्रॉफ्ट ने 15 और निक हॉबसन ने नाबाद 18 रन बनाए।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने साउदी लीग में पहला गोल दागा

### 93वें मिनट में पेनल्टी परआया गोल, अल-नसर ने 2-2 से ड्रॉ किया

नई दिल्ली, 4 फरवरी। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने आखिरकार सऊदी प्रो लीग में अल-नासर के लिए अपना खाता खोला। शुक्रवार को उन्होंने अल फतह टीम के सामने 93वें मिनट में गोल दागा, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

रोनाल्डो के लिए यह निराशाजनक गेम था। उन्होंने, स्कोर करने के दो मौके गवाएं और पहले 30 मिनट में कई बार बॉल भी बाहर भेजी। हालांकि, आखिर में उन्होंने पेनल्टी स्कोर कर अपने फैंस को खुश कर दिया और सऊदी अरब लीग में अपना पहला गोल स्कोर किया। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने साउदी अरब के क्लब अल नासर से 1730 करोड़ रुपए (200 मिलियन यूरो) की फीस पर रिकॉर्ड डील साइन की है।

क्रिश्चियन टेलो ने अल फतेह को करीबी मुकाबले में बढ़त दिलाने के लिए शानदार फिनिश किया, लेकिन हाफ टाइम से ठीक पहले एंडरसन तालिस्का ने अल-नासर के लिए बराबरी कर ली। ज्यादातर समय गेम बराबरी का ही रहा। 58वें मिनट में सोफिन बंडेबका ने स्कोर किया। आखिर में इंजरी टाइम में रोनाल्डो ने 93वें मिनट में पेनल्टी स्कोर की और टीम को ड्रॉ दिलाया।

गेम की शुरुआत में रोनाल्डो ने बॉल को नेट के पीछे भेजा, लेकिन, इसे ऑफसाइड दे दिया गया। दूसरे हाफ में, उन्हें गोल करने का एक और सुनहरा मौका मिला लेकिन इस बार, उनका शॉट में पावर नहीं था और विपक्षी टीम ने इसे रोक लिया।

अल नासर में आने के बाद से, रोनाल्डो ने केवल दो बार स्कोर किया है, लेकिन दोनों गोल पेरिस सेंट जर्मन के खिलाफ एक फ्रेंडली मैच में आए, ऐसा मैच जिसमें उनकी टीम 4-5 से हार गई।

## ऑस्ट्रेलिया जीत सकता है बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : चैपल

सिडनी, 4 फरवरी। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच आगामी नौ फरवरी से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए पहला टेस्ट मैच शुरू होने जा रहा है। महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया आगामी चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला जीत सकता है। महान बल्लेबाज चैपल ने कहा कि भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चार टेस्ट मैच की श्रृंखला में अपने मुख्य विकेटकीपर एवं बल्लेबाज ऋषभ पंत और गेंदबाजी से सबसे परेशान करने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण आस्ट्रेलिया के मुकाबले कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है। चैपल ने 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' में अपनी राय देते हुए लिखा, ऑस्ट्रेलिया इस श्रृंखला को जीत सकता है। भारतीय विकेटकीपर एवं बल्लेबाज ऋषभ पंत, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और गेंदबाज जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण भारत पिछले कुछ समय से टेस्ट मैचों में इन खिलाड़ियों के बिना कमजोर पड़ता दिखाई दिया है। भारतीय टीम अकेले विराट कोहली पर बहुत अधिक नहीं टिक सकती। उन्होंने कहा कि भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ आगे की सीरीज की ट्रेनिंग के लिए 'डुप्लीकेट अश्विन' मिला। जबकि उनका विकेटकीपर-आक्रामक बल्लेबाज पंत कार दुर्घटना के दौरान गंभीर रूप से चोटिल होने के कारण साल के अधिकांश मैंचों में टीम से बाहर हैं। पंत को चोट से उबरने में अभी समय लगेगा। भारतीय तेज गेंदबाज बुमराह (पीठ की चोट) के कारण पहले दो टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं हैं। चैपल ने लिखा घुटने की चोट से उबरने वाले और पिछले महीने रणजी ट्रॉफी में वापसी करने वाले स्पिन गेंदबाज एवं ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को गुरुवार से नागपुर में शुरू हो रही टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। गौरतलब है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत और आस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट मैच 09 फरवरी से नागपुर में खेला जाएगा।